राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : व्यवसाय अध्ययन

पाठ 4 : सहकारी समितियाँ तथा संयुक्त कंपनियों

कार्यपत्रक - 4

1. सहकारी समिति ऐसे व्यक्तियों की एक स्वैच्छिक संस्था है जो अपने आर्थिक हित को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करती है । यदि आपके पड़ोस के युवक एक सहकारी समिति बनाने के लिए एकजुट होते हैं, तो वे कौन-सी सहकारी समिति का चुनाव करेंगे और इससे समाज को क्या लाभ होगा? विस्तार से लिखिए।

2. सहकारी समितियाँ कैसे अस्तित्व में आईं? वर्णन कीजिये।

3. एक सहकारी समिति अन्य व्यापारिक संगठनों से भिन्न है। इसकी वे विशेषताएं लिखिए जो उसे व्यापारिक संगठनों के अन्य रूपों से अलग करती हैं।

4. सहकारी समितियों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की प्रकृति के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है। मुख्य प्रकार की सहकारी समितियों का एक-एक उदाहरण देते हुए टिप्पणी लिखिए ।

5. आपके मित्र एक सहकारी समिति बनाना चाहते हैं। शुरू करने से पहले आप उन्हें सहकारी समिति के क्या फायदे और सीमाएँ बताएंगे? विस्तार से लिखिए ।

6. रोहित एक निजी कंपनी और एक सार्वजनिक कंपनी के बीच थोड़ा भ्रमित है। उसे समझाने के लिए प्रत्येक पर टिप्पणी लिखिए और दोनों के बीच अंतर भी स्पष्ट कीजिये।

7. संगठन का कंपनी रूप किसके लिए उपयुक्त है? इसके फायदों और सीमाओं को देखते हुए इसकी उपयुक्तता लिखिए।

8. बहुराष्ट्रीय कंपनियों को राष्ट्रीय सीमाओं के पार बड़े पैमाने पर उत्पादन और वितरण गतिविधियों के कारण कई लाभ मिलते हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लाभों और सीमाओं का वर्णन कीजिये ।

9. आपकी मां सरकारी कंपनी में निवेश करना चाहती हैं। उनकी सुविधा के लिए सरकारी कंपनी के बारे में आवश्यक जानकारी का उल्लेख कीजिये । इसकी विशेषताएँ और कम से कम चार उदाहरण भी लिखिए ।

10. कंपनी अधिनियम 1956 कब संशोधित किया गया था? संशोधित अधिनियम के किसी भी तीन प्रमुख विशेषताएं लिखिए ।